L.F

Reg. No. | | | | | | | | | | | | |

# BASHDLN 401/BSWHDLN 401/HRDHDLN 401/ BVAHDLN 401

## IV Semester B.A./B.S.W./B.A.(HRD)/B.V.A. Degree Examination, July/August 2023 (NEP 2020) (2022-23 Batch Onwards) HINDI LANGUAGE (Group – III) (Paper – IV) (Ability Enhancement Compulsory Course)

Time : 2 Hours Max. Marks : 60

(10×1=10)

I. एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

1) एकलव्य किस जाति का बालक था ?

2) द्रुपद राजा कहाँ का राजा था ?

3) द्रोण सिर्फ किनको धनुर्विद्या सिखाते थे ?

4) कौन दूध के लिए रोने लगा ?

5) द्रुपद ने द्रोण को क्या देने का वादा किया था ?

6) मूर्ति किससे बनी थी ?

7) मानव का शरीर किससे बना है ?

8) सफलता पाने के लिए कौनसा योग ज़रूरी है ?

9) गुरु द्रोण क्या लाने के लिए घर से निकले ?

10) इस खंडकाव्य में किसकी निर्धनता का प्रश्न उठाया गया है ?

(1×5=5)

II. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

अ) ईश्वर की संतान सभी हैं,
कोई भेद नहीं है ।
पर समाज की विकृत व्यवस्था,
का अपवाद यही है ।।

अथवा

P.T.O.

संकल्पों का सागर उर में,

उसके लगा उमड़ने ।

अचल आस्था का उछाह भी,

लगा ज्वार-सा बढ़ने ।।

आ) गुरु चरणों में सब कुछ अर्पित, **(1×5=5)**

स्वयं समर्पित मैं हूँ ।

क्या आतिथ्य करूं लज्जित हूँ,

गुरु से मैं गर्वित हूँ ।।

**अथवा**

दहल गया था हृदय द्रोण का,

किंकर्त्तव्य विमूढ़ हुए

शिष्य समर्पण को आतुर था,

कटा अंगूठा लिए हुए ।।

III. 'एकलव्य' खंडकाव्य के माध्यम से कवि ने किन-किन समस्याओं को उठाया है, खंडकाव्य के आधार पर लिखिए । **(1×10=10)**

**अथवा**

'एकलव्य' खंडकाव्य के आधार पर 'एकलव्य' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

IV. 'एकलव्य' खंडकाव्य का सारांश अपने शब्दों में लिखिए । **(1×10=10)**

**अथवा**

कवि ने खंडकाव्य के पहले भाग में किन-किन बातों की ओर ध्यान दिया है, विस्तार से लिखिए ।

V. 1) छात्राओं के लिए स्कूल में अलग शौचालय की व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखें । **(1×5=5)**

**अथवा**

बस कंडक्टर के सहानुभूतिपूर्ण और विनय व्यवहार की प्रशंसा करते हुए परिवहन निगम के प्रबंधक को औपचारिक पत्र लिखिए ।

2) खेलों के महत्व को समझाते हुए अपने छोटे भाई को प्रेरणादायक पत्र लिखिए । **(1×5=5)**

**अथवा**

अपने जन्मदिन को अनाथालय के बच्चों के साथ मनाकर जो आनंद का अनुभव किया है, उसकी चर्चा करते हुए मित्र को एक पत्र लिखिए ।

VI. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2×5=10)**

1) पत्र लेखन का अर्थ बताते हुए उसके महत्वों को स्पष्ट कीजिए ?

2) पत्र लेखन के कितने प्रकार होते हैं ? समझाइए ।

3) आलेखन का अर्थ और स्वरूप को समझाइए ?

4) आलेखन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ?

---